नवम मोन्टफोर्ट अन्तर्विद्यालयीन म्यूजिक कॉर्निवाल

24 अक्तूबर 2017 सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय पटेल नगर में नवम मोन्टफोर्ट अन्तर्विद्यालयीन म्यूजिक कॉर्निवाल प्रायमरी कक्षा (3 से 5) के लिए सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के लिए **'भाईचारा'** विषय रखा गया था, जिसमें कुल 9 विद्यालयों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक डा. दीप्ती भटनागर (आर्टिस्ट) और श्री ज़ेराल्ड गेब्रियल एरोकियास्वामी, संगीत –शिक्षक कैंपियन स्कूल थे। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य ब्रदर एलेक्स , ब्रदर जॉन मिंज सिस्टर निकिता, व प्रतियोगिता के निर्णायकों द्वारा दीप –प्रज्जवलन से हुआ ।

सर्वप्रथम प्रतियोगिता के लिए टीम को A से J तक नामांकित कर 10 मिनट का समय एकल –गान व समूह –गान के लिए दिया गया। प्रत्येक टीम में 12 गायक और 3 वाद्य –यंत्र के लिए उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा–

एकल –गान विनर अप – सेन्ट जोसेफ कोएड विद्यालय भोपाल

रनर–अप – बाल – भारती स्कूल ,निशातपुरा

समूह–गान विनर –अप – सेन्ट जोसेफ कोएड ,विद्यालय भोपाल

रनर –अप – संस्कार वैली स्कूल भोपाल

सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति – सेन्ट जोसेफ कोएड विद्यालय भोपाल

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ''फ्यूजन नृत्य शैली'' पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया तथा प्रतियोगिता की विजयी टीम को विनर अप के लिए प्राचार्य ब्रदर एलेक्स तथा रनर –अप के लिए उप – प्रचार्य ब्रदर जॉन मिंज ने पुरूस्कार प्रदान किए । साथ ही निर्णायक महोदय श्रीमति दीप्ती भटनागर ने नन्हें – गायकों और संगीतज्ञों की विजयी टीम को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रतियोगिता प्रतिभा में उभार लाने का कुशल साधन है तो विद्यालय इसको आगे लाने का सही माध्यम है।

अंत में विद्यालय प्राचार्य ब्रदर एलेक्स ने निर्णायक महोदय, प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विद्यालय तथा विद्यालय की म्यूजिक टीम और तकनीकी – सहायकों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ ।

****